पाठ 20

# खेती से खुशहाली

आदरणीय मामाजी

सादर प्रणाम,

हम यहाँ कुशल मंगल हैं। आपके वहाँ सभी कुशल मंगल होंगे। इस साल हमारे यहाँ अच्छी वर्षा हुई है। हमने पीपल वाले खेत में ट्रेक्टर से बुवाई कराकर मोंठ और मूँग बोये हैं। मूँग व मोठ के बीज पिछले साल बचा कर रखे थे। सावनियाँ खेत में 5 घंटे बुवाई की, जिसमें बाजरा, तिल और ग्वार बोया। तिल के बीज सहकारी समिति से लाए तथा बाजरा व ग्वार के बीज बाजार से लाकर बोए हैं। फसल अभी अच्छी दिख रही है। हमने निराई–गुड़ाई भी कर दी है। आजकल हम खेत में ढाणी बना कर रह रहे हैं। खेत में एक बिजूका भी खड़ा कर दिया है, जो दूर से आदमी जैसा लगता है। इसे देखकर जीव–जानवर भाग जाते हैं। नानाजी–नानीजी को पगे लागना। माँ ने कहा है कि फसल कटाई पर आप जरूर–जरूर पधारना।

आपका
छगनाराम

## पता कीजिए और लिखिए

- छगनाराम के खेत में मोंठ, मूँग, तिल, बाजरा आदि बोया है, आपके आस–पास कौन–कौनसी फसलें बोई जाती हैं?
- फसल बोने के लिए बीज कहाँ–कहाँ से लाया जाता है?

## खेती के औज़ार

किसान अनाज उगाने एवं काटने के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण काम में लेते हैं। ये औज़ार गाँव में सुथार और लोहार की मदद से बनाए जाते हैं।

## चित्र देखिए और लिखिए


नीचे दिए गए चित्रों को देखिए। इसमें खेती में होने वाले कुछ काम बताए गए हैं, उन्हें पहचानिए व उनमें काम आने वाले उपकरणों व औज़ारों के नाम अपनी कॉपी में लिखिए।





चित्र 20.1 खेती के कार्य

छगनाराम ने खेत में ट्रेक्टर से जुताई कर बीज बोए हैं। कई स्थानों पर पशुओं को खेती के काम में लिया जाता है। आजकल मानव व पशुओं के स्थान पर मशीनों के द्वारा खेती के कार्य किए जा रहे हैं।



चित्र 20.2 पशुओं द्वारा खेती के कार्य

## पता कीजिए और लिखिए

- खेती में पशुओं का क्या उपयोग है?
- खेती के काम आने वाले औज़ार कौन–कौनसे हैं?
- आजकल खेती के तरीकों और उपकरणों में क्या परिवर्तन आ रहे हैं?

## खाद और कीटनाशक

खेतों में अच्छी फसल प्राप्त करने के लिए खाद का उपयोग किया जाता है। पहले लोग पशुपालन अधिक करते थे। उन पशुओं का गोबर एक जगह इकट्ठा करते थे और खेतों में आवश्यकतानुसार खाद के रूप में डाल देते थे। आजकल अधिक फसल प्राप्त करने के लिए रासायनिक खाद का उपयोग होने लगा है, जैसे – यूरिया, डी.ए.पी आदि। इन रासायनिक खाद का उपयोग करते समय सावधानी रखना आवश्यक है। इनसे चर्म रोग, पेट संबंधी बीमारी, सिरदर्द, बैचेनी इत्यादि रोग हो सकते हैं। रासायनिक खाद का अधिक उपयोग होने से कालांतर में जमीन की उपजाऊ क्षमता में कमी आ जाती है। अतः हमें अधिक से अधिक जैविक खाद या देशी खाद का ही उपयोग करना चाहिए।

## पता कीजिए और लिखिए

- जैविक खाद से क्या अभिप्राय है ?
- आपके आस–पास के खेतों में कौन–कौनसी खाद उपयोग में ली जाती है?
- किसान रासायनिक खाद की जगह कौनसी खाद का उपयोग कर सकते है?

## आओ, खाद बनाएँ

विद्यालय में एक तरफ छोटा गड्ढा खोदो। उसमें विद्यालय में उगे हुए पेड़ों से गिरी हुई पत्तियाँ, टहनियाँ, मध्याह्न भोजन में बन रही सब्जियों के छिलके, फलों के छिलके डालते रहें। समय–समय पर इसमें पानी भी डालते रहे। यदि आपको पशुओं का गोबर मिल जाए तो उसे भी उसमें डाल दे। कुछ समय बाद सभी वस्तुएँ सड़ जाएँगी। इसे आप पेड़ों में खाद के रूप में डाल सकते हैं।

## अनाज का भण्डारण

किसान जब खेतों में फसल की कटाई करते हैं तब उन्हें अनाज को सुरक्षित रखने की चिंता रहती है। खेतों से अनाज की बोरियाँ भरकर ट्रैक्टर या बैलगाडी या अन्य संसाधनों से उन्हे सुरक्षित स्थान पर लाया जाता है। यह घर का कमरा या शीत भंडार कक्ष हो सकता है। अनाज को रखने के स्थान पर जमीन में नमी न हो, जीव–जंतुओं का प्रकोप न हो।

## पता कीजिए

- आपके घर में अनाज को वर्ष भर सुरक्षित रखने के लिए क्या–क्या उपाय किए जाते हैं?

> पहले लोग अनाज भण्डारण हेतु कागज़ की लुगदी से बड़े–बड़े बर्तन बनाते थे और उसमें सुरक्षित भंडारण हेतु नीम की पत्तियाँ रखी जाती थी, जिससे अनाज वर्षभर सुरक्षित रहता था।

## फसल उत्पादन में कमी

समय पर वर्षा होने से खेतों में उत्पादन अच्छा होता है। कई बार समय पर वर्षा नहीं होने, अधिक वर्षा होने या बिल्कुल वर्षा नहीं होने से फसल खराब हो जाती है। इससे किसानों की आमदनी पर अधिक असर पड़ता है। कई बार खड़ी फसलों में बीमारी लगने से फसल खराब हो जाती है। किसान जितनी राशि खेती हेतु व्यय करता है, उतना पैसा भी उसे कई बार नहीं मिलता है।

## पता कीजिए और लिखिए

- फसलों को बीमारी से बचाने के लिए कौन–कौनसी दवाइयों को काम में लेते हैं?
- किसी किसान परिवार में कभी उत्पादन कम हुआ तो उसके कारणों का पता कीजिए।

मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पशु पालन शुरु किया। इसके द्वारा मनुष्य को भोजन, सवारी, खेती–बाड़ी में सुविधा मिलने लगी। पशुओं की खरीद व बिक्री के लिए मेलों का आयोजन किया जाने लगा। फसलों के पकने पर त्योहार भी मनाए जाने लगे। आज भी हम मेले व त्योहार मनाते है, जैसे– कार्तिक पूर्णिमा को पुष्कर का पशु मेला, फसलें पकने पर केरल में ओणम का त्योहार आदि। ओणम चाय, अदरक, इलायची, कालीमिर्च और धान की फसल पकने की खुशी एवं सुहावनी ऋतु आने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसी प्रकार तमिलनाडु में मकर सक्रान्ति पर पोंगल त्योहार मनाया जाता है। इस समय धान की फसल कटना आरंभ हो जाती है।

## पता कीजिए और लिखिए

- वर्तमान समय में लोग विभिन्न पशुओं को पालते हैं। जैसे गाय, भैंस, बकरी, भेड़, ऊँट, घोड़ा आदि। नीचे दी गयी तालिका कॉपी में बनाकर भरिए।

| पशु का नाम | पशु से प्राप्त लाभ एवं उपयोग |
|---|---|
| गाय | दूध, दही, गोबर। खाना व खाद बनाने में। |
| भैंस | |
| बकरी | |
| भेड़ | |
| ऊँट | |
| घोड़ा | |

## चर्चा कीजिए और बताइए

- आपके आस–पास कौन–कौन से पशुओं को पाला जाता है?
- प्राचीन काल में पशुओं को पालने का क्या कारण रहा होगा?

पशुपालन के लिए पशु के स्वच्छ हवादार आवास, उचित एवं पौष्टिक आहार आदि का ध्यान रखा जाता है।जब हम बीमार होते हैं, तो हमारी कार्यक्षमता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसी प्रकार पशु भी बीमार होते हैं, तो उनकी कार्यक्षमता, उत्पादन आदि पर बुरा प्रभाव पड़ता है। पशुओं को विभिन्न रोग होते हैं जैसे– मुँहपका, खुरपका, थनैला आदि।

## पता कीजिए और लिखिए


- अपने आस–पास की गौशाला में जाकर देखिए कि गौधन के लिए किस–किस तरह व्यवस्थाएँ की गयी हैं?
- पशुओं को रोग होने पर पशुपालक क्या करते हैं?



चित्र 20.3 गौशाला

**आजकल कुछ लोग खाने–पीने की वस्तुओं और उसके कचरे को प्लास्टिक की थैली में डालकर फेंक देते हैं। पशु उन्हें खा लेते हैं। पशुओं के पेट में जाकर ये थैलियाँ जमा हो जाती हैं, जिससे उनकी आँतें अवरूद्ध हो जाती हैं और वे मर जाते हैं।**

अनेक लोग पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाते हैं। जैसे दुधारु पशुओं को पालकर दूध बेचने का व्यवसाय, डेयरी व्यवसाय कहलाता है। घोड़े पालने वाले अनेक व्यवसाय करते हैं, जैसे ताँगा चलाना, घुड़दौड़ में भाग लेना, खेलों के लिए घोड़े उपलब्ध करवाना, शादी में दूल्हे–दूल्हन के लिए घोड़े उपलब्ध करवाना।





चित्र 20.4 पशुओं का व्यवसाय में उपयोग

## सोचिए और लिखिए

- आपके आस–पास पशुपालन द्वारा कौन–कौनसे व्यवसाय किए जाते हैं?

## हमने सीखा

- खेती में पशुओं से बुवाई, ट्रैक्टर से जुताई, थ्रेसर से अनाज निकालते हैं।
- पशुओं से विभिन्न प्रकार के उत्पाद प्राप्त होते हैं, जैसे – दूध, दही, गोबर, चमड़ा आदि।
- खेती के व्यवसाय में अलग–अलग काम करने होते हैं।

## जाना–समझा, अब बताइए

- फसल बोने के लिए बीज कहाँ से प्राप्त करते हैं?
- आप अपने घरों में कौन–कौनसे पशु पालते हैं?
- खेतों की मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए कौन–कौनसे रासायनिक खाद का उपयोग किया जाता है?
- प्लास्टिक थैलियों का उपयोग क्यों नहीं किया जाना चाहिए?

पशुधन व खेती लाती हरियाली।
जीवन सुखमय बनाकर लाती खुशहाली।।